दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 181 मुरादाबाद, 20 October 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 ' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

## छठा नवरात्री


## कात्यायनी

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शाईलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानवघातिनी।।



मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुई थीं। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां कात्यायनी अमोद्य फलदायिनी हैं। दुर्गा पूजा के छठे दिन इनके स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित रहता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। भक्त को सहजभाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त होते हैं। इनका साधक इस लोक में रहते हुए भी अलौकिक तेज से युक्त होता है।

# अलीगढ़ में सीएम योगी बोले: बिना भेदभाव मिल रहा योजनाओं का लाभ, आज कोई व्यक्ति नहीं रह सकता भूखा




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में कहा कि आज कोई व्यक्ति भूखा नहीं रह सकता, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने पुख्ता व्यवस्था की है कि हर व्यक्ति को राशन मिल सके। पढ़ाई के साथ-साथ सफाई की व्यवस्था हो सके और फिर कमाई के साथ-साथ उत्तम स्वास्थ्य की भी व्यवस्था हो सके। ये समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को संसाधन के साथ जोड़ने का प्रयास होता है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में 497 करोड़ लागत की लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज कोई व्यक्ति भूखा नहीं रह सकता, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने पुख्ता व्यवस्था की है कि हर व्यक्ति को राशन मिल सके। पढ़ाई के साथ-साथ सफाई की व्यवस्था हो सके और फिर कमाई के साथ-साथ उत्तम स्वास्थ्य की भी व्यवस्था हो सके। ये समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को संसाधन के साथ जोड़ने का प्रयास होता है।इस दौरान सीएम योगी ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम उच्च विचार परिवार के लोग हैं। उन्होंने कहा कि जिसमे पंडित दीनदयाल ने कहा था कि विकास का पैमाना सबसे निचले व्यक्ति के पायदान से होता है। सीएम योगी ने कहा कि केंद्र सरकार बहुत तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पीएम की अनेक योजनाओं को आगे बढ़ाया गया है। बैंकों में जनधन खाते खोले गए। डबल इंजन की सरकार चल रही है।सीएम योगी ने कहा कि पढ़ाई के साथ सफाई की व्यवस्था तक की गई। बिना भेदभाव सभी लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि देश की जनता अब पीएम मोदी का धन्यवाद कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के गरीबों को हर योजना का लाभ मिल रहा हैयही वजह है कि पढ़ाई से लेकर कमाई तक में काम हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम हुआ है। अब जन धन खाते में लाभार्थी के बैंक अकाउंट में सीधे पैसे आते हैं। सीएम ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान देकर भारत को एकता में जोड़ने का काम किया है। सीएम ने यह भी कहा कि तीन करोड़ परिवार के लोगों को मुफ्त बिजली दी गई।

## जबतक जिंदा हूं तबतक..., राष्ट्रपति के सामने छलका नीतीश कुमार का भाजपा प्रेम, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा हॉल



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर अपनी सधी हुई राजनीति का परिचय देते हुए गुरुवार को बड़ा सियासी बयान दिया। उन्होंने एनडीए के नेताओं की ओर इशारा करते हुए पुरानी दोस्ती याद दिलाई। मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह के दौरान दिए गए उनके इस संबोधन के दौरान हॉल तालियों से गूंज उठा। जबतक जिंदा हूं तबतक...%, राष्ट्रपति के सामने नीतीश कुमार का छलका भाजपा प्रेम, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा हॉल बिहार में राहें जुदा करने के करीब दो साल बाद गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भाजपा प्रेम छलक पड़ा। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना इशारों-इशारों में इसे जाहिर किया।दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह के मंच से संबोधित कर रहे थे। इसके स्थापना का इतिहास दोहराते हुए सीएम नीतीश कुमार ने एक बड़ा राजनीतिक बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि जब तक हम जीवित रहेंगे, हमारा आपका संबंध रहेगा। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों के बीच विभिन्न दलों के नेताओं को मौजूदगी में उन्होंने सामने बैठे नेताओं की ओर इशारा किया। तब से मैं लगा रहा - नीतीशउन्होंने कहा कि 2007 में केंद्र सरकार देश के विभिन्न राज्यों में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की शुरुआत की। हमने तभी कहा था कि इसकी स्थापना बापू के चंपारण सत्याग्रह की भूमि पर होगी। 2009 में अधिनियम बना और तब से मैं लगा रहा, तब कांग्रेस की सरकार थी। मैं तबके मंत्री के यहां भी गया। भेंट भी की और आवास पर भोजन किया। उन्होंने कहा कि गया में खोलेंगे, लेकिन हमने चंपारण के लिए कहा। फिर यह तय हुआ दोनों स्थानों पर केंद्रीय विश्वविद्यालय खुलेगा। इसके बाद 2014 में केंद्र की सरकार ने मोतिहारी में केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की सहमति दी। हमने इसका महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय रखने का प्रस्ताव दिया।एनडीए के नेताओं की ओर किया इशारा इसी के बाद व्यंगात्मक लहजे में नीतीश ने सामने बैठे एनडीए के नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा- तब हम साथ थे। याद है न 2005। हमारी दोस्ती तब भी थी। अब भी है। जब तक हम जीवित रहेंगे हमारा-आपका संबंध रहेगा। सधी राजनीति का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री ने वोट पर भी बात और विकास पर भी बोले।

## CM फेस को लेकर गहलोत बोले- मैं सीएम पद छोड़ना चाहता हूं पर ये पद मुझे नहीं छोड़ेगा



गहलोत ने कहा कि मोदी कहते हैं कि मैं गहलोत से बड़ा ईमानदार हूं तो मैं उनको कहना चाहता हूं कि मैं मोदी से बड़ा फकीर हूं। जिंदगी में एक इंच जमीन नहीं खरीदी, सोना नहीं खरीदा, इसलिए मोदी को बड़ा दावा नहीं करना चाहिए। विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान के टिकटों की सूची फाइनल करवाने के लिए दिल्ली बैठे सीएम अशोक गहलोत ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर सियासी हलकों में चल रहे तमाम सवालों के जवाब दिए। प्रदेश में चौथी बार सीएम बनने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैं सीएम पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा है और शायद छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि कुछ तो कारण होंगे कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मुझे बार-बार सीएम बना रहे हैं। राजस्थान में उनकी सरकार से बगावत करने वाले सचिन पायलट और उनके विधायकों को टिकट दिए जाने के सवाल पर बोले-अभी सिर्फ जीत क्राइटेरिया है बाकी सब हम भूल चुके हैं। उनके साथ जो गए थे उनके टिकट सब क्लीयर हो रहे हैं। एक टिकट पर भी मैंने ऑब्जेक्शन नहीं किया। सीएम के खिलाफ कोई आरोप नहीं - प्रदेश में एंटीइनमबेंसी के चलते टिकट काटे जाने के सवाल पर गहलोत ने कहा सीएम के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। विधायकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप और एंटीइनकमबेंसी भी है, लेकिन टिकट तब कटते हैं, जब वहां विकल्प हों। मैंने एक बात कही कि सरकारें बदलने का भाजपा ने नया मॉडल अपनाया है यह बहुत खतरनाक है। अरुणाचल प्रदेश के सीएम को तो इसके चलते आत्महत्या तक करनी पड़ी। ईडी के छापों पर बोले- केंद्रीय मंत्री की जांच क्यों नहीं- प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद ईडी की कार्रवाई को लेकर भी सीएम अशोक गहलोत ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत संजीवनी घोटाले के आरोपी उनकी जांच क्यों नहीं की जा रही। गहलोत बोले, यहां के सांसद ईडी के ऑफिस में जाकर झूंठी शिकायत करते हैं और उनके कहने पर ईडी कार्रवाई के लिए आ जाती है। सांसद किरोड़ी ने तूफान मचा दिया कि लॉकर में 500 करोड़ रुपये पड़े हैं, ईडी वहां पहुंच गई।बोले-मैं मोदी से बड़ा फकीर- गहलोत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। बोले, मोदी कहते हैं कि मैं गहलोत से बड़ा ईमानदार हूं तो मैं उनको कहना चाहता हूं कि मैं मोदी से बड़ा फकीर हूं। जिंदकी में एक ईंच जमीन नहीं खरीदी, सोना नहीं खरीदा, इसलिए मोदी को बड़ा दावा नहीं करना चाहिए। पायलट पर निशाना, बोले- उनके टिकटों पर कोई आपत्ति नहीं -सचिन पायलट से विवादों के सवाल पर गहलोत ने गुगली फेंकी। ेंने कहा कि विपक्ष को तकलीफ ही यही हो रही है कि इनके बीच झगड़े क्यों नहीं हो रहे हैं। गहलोत बोले कि मैं उनके फैसलों में भागीदार बन रहा हूं। उन्होंने कहा कि अभी सिर्फ जीत क्राइटेरिया है बाकी सब हम भूल चुके हैं। उनके साथ जो गए थे उनके टिकट सब क्लीयर हो रहे हैं। एक टिकट पर भी मैंने ऑब्जेक्शन नहीं किया।

## गाजा युद्ध पर मायावती का बयान: बोलीं- विनाशकारी साबित होगा नया युद्ध, पीएम मोदी के बयान का किया जिक्र




बसपा सुप्रीमो मायावती ने गाजा युद्ध को लेकर कहा कि कोई भी नया युद्ध मानवता के लिए विनाशकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में भी भारत को अपना पूर्व रवैया बनाए रखना चाहिए। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गाजा युद्ध में भी भारत को अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए। भारत अपनी आजादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए और नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है। उन्होंने कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध के साथ ही कोई नया युद्ध मानवता के लिए विनाशकारी साबित होगा। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने जब यह कहा कि दिस इज नॉट एन इरा ऑफ वार अर्थात आज का युग युद्ध का नहीं है तो इसकी प्रशंसा पश्चिमी नेताओं ने खूब की। अब गाजा युद्ध को लेकर भी भारत को अपने इस स्टैंड पर ऐसी मजबूती से खड़े रहने की जरूरत है, जो सबका अनुभव हो। युद्ध दुनिया में कहीं भी हो आज के ग्लोबल वर्ल्ड में अधिकतर देशों की अर्थव्यवस्था एक-दूसरे पर काफी हद तक जुड़ी है और निर्भर है। यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है और दुनिया इससे प्रभावित है इसीलिए विश्व में कहीं भी नया युद्ध मानवता के लिए कितना विनाशकारी होगा इसका अन्दाजा लगाना मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आजादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए और नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है जिसकी प्रेरणा और शक्ति उसे उसके समतामूलक एवं मानवतावादी संविधान से मिली है। दुनिया में भारत की यह पहचान बनी रहनी चाहिए।

# संजय राउत ने दिया विवादित बयान, हमास से की भाजपा की तुलना



बीती 15 अक्तूबर को मुंबई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए एनसीपी मुखिया शरद पवार ने इस्राइल फलस्तीन विवाद पर कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्रियों की भूमिका फलस्तीन की मदद करने की रही। शिवसेना ( यूबीटी ) नेता संजय राउत ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिस पर विवाद हो सकता है। दरअसल संजय राउत ने भाजपा की तुलना आतंकी संगठन हमास से की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के बयान की आलोचना करते हुए संजय राउत ने विवादित बयान दिया। बता दें कि हिमंता बिस्व सरमा ने कहा था कि शरद पवार, सुप्रिया सुले को हमास के लिए लड़ने के लिए गाजा भेजेंगे। सरमा के इस बयान पर कई नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

### संजय राउत का विवादित बयान

हिमंता बिस्व सरमा के बयान को लेकर जब संजय राउत से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ( भाजपा ) से वह ताल्लुक रखते हैं, वह हमास से कम नहीं है। यह केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है और विपक्ष को तबाह कर रही है। पहले उन्हें पढ़ना चाहिए और इतिहास को समझना चाहिए। वह ( हिमंता बिस्व सरमा ) भाजपा का हिस्सा हैं और उन्हें पता होना चाहिए कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का फलस्तीन-इस्राइल पर क्या स्टैंड था।

### क्या है पूरा विवाद

बता दें कि बीती 15 अक्तूबर को मुंबई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए एनसीपी मुखिया शरद पवार ने इस्राइल फलस्तीन विवाद पर कहा कि %भारत के पूर्व प्रधानमंत्रियों की भूमिका फलस्तीन की मदद करने की रही। जवाहर लाल नेहरू, राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी, अटल बिहारी वाजपेयी ने फलस्तीन की मदद की थी। पहली बार देश के प्रधानमंत्री ने इस्राइल की भूमिका का समर्थन किया है। एनसीपी का स्टैंड साफ है कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी जमीन है। शरद पवार के इस बयान की भाजपा नेताओं ने खूब आलोचना की। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि %शरद पवार, सुप्रिया सुले को हमास के साथ लड़ने के लिए गाजा भेजेंगे।

### सुप्रिया सुले ने हिमंता बिस्व सरमा पर साधा निशाना

इस पर सुप्रिया सुले ने कहा कि मैं हैरान हूं कि हिमंता बिस्व सरमा का डीएनए और मेरा डीएनए एक जैसा है क्योंकि वह भी कांग्रेस में थे। इसलिए मुझमें और उनमें वहीं कांग्रेसी डीएनए है।

भाजपा का महिलाओं के प्रति व्यवहार अनुचित रहा है लेकिन मुझे हिमंता बिस्व सरमा से बेहतर की उम्मीद थी।सुप्रिया सुले ने कहा कि कम समय में ही भाजपा ने हिमंता बिस्व सरमा पर गहरा प्रभाव डाला है। भाजपा आईटी सेल को पहले यह समझना चाहिए कि शरद पवार ने क्या कहा था। पहले उनका पूरा बयान सुनना चाहिए।

# संपादकीय Editorial

## Dream of hosting olympics

Olympics is a dream for India. However, we have successfully organized the Asian Games long ago and the Commonwealth Games in 2010. So far, the hosting of the Olympic Games in Asia has come only to China, Japan and South Korea. India is no less a nation than these. India is the 5th largest economy in the world and has a population of more than 140 crores, hence India is both a vast market and a country with huge audiences. We are also a sports loving country and crores of people have been watching various sports matches on TV. The World Cup of One Day Cricket is currently going on in India. In fact, India's infrastructure is no less than any developed country. Our country has an extensive and advanced infrastructure of highways and roads. Big cities are interconnected. There are beautiful and well maintained hotels. There are means of uninterrupted transportation. There is a good system of administration and management under the Sports Ministry. The Indian Olympic Committee and national sports federations have autonomy. However, there is scope for professional improvement. The 'political face' of various sports associations has to change. However, these are also parts of our democratic system. In summary, why should India not host the Olympic Games? In the recently held Asian Games in China, India stood fourth by winning a total of 107 medals including 28 gold medals, hence India's commitment, hard work and passion towards sports is clear. Our players have also set world records. We are becoming an old power in hockey and are the 'champion country' of the Asian Games. However, it is also a fact that India stood 48th in the medals table in Tokyo Olympics.

That too was a somewhat better performance, because after four long decades our player could win a gold medal in athletics. However, apart from sports, India proved at the international level by presiding over the G-20 countries that it is capable of hosting such a complex, protective, timely and successful event. Presidents and Prime Ministers of almost all the big countries of the world had come to New Delhi. In this context, the meeting of the International Olympic Committee held in Mumbai is important, on the platform of which Prime Minister Modi expressed his desire and also offered to host the 2036 Olympic Games. He also linked this hosting to the spirit and ambition of 140 crore Indians. However, the Olympic Games are mostly organized in metros and big cities, which has a direct impact on the revitalization of underdeveloped cities and the overall economy of the country. Still, hosting the Olympic Games is a dream, a challenge and also a milestone for us, because there are many prejudices associated with it. There are also concepts of human rights and tolerance for India. We have some traditional restrictions, which are not favorable for international players. Can those restrictions be removed? Olympics is not only an event of sports but also an event of global civilizations, cultures and races, hence we have to become more tolerant and friendly, because the world will be watching and judging us through a microscope. Environment, clean air, sustainability and sustainability etc. are also new vocabulary of Olympic Games. However, India's current situation has improved in this regard, but there are still many questions. The situation of pollution in the capital itself is becoming like a 'gas chamber'. However, hosting an Olympics is like running a marathon with many obstacles. If our government has taken a pledge and can bid this time, then on the basis of Gujarat's largest stadium, most prosperous market and business like global diamond industry, it should strengthen its claim that India will be able to host the Olympic Games. Fully capable.

# Rajasthan Elections 2023: BJP moves ahead from Vasundhara Raje era, will bet on a new face if it comes to power

Vasundhara Raje is currently the national vice president of the Bharatiya Janata Party. She has been the Chief Minister of the state twice. His fan following is tremendous in Rajasthan. Bharatiya Janata Party has remained away from power twice under the leadership of Vasundhara, who comes from the former royal family. The first list of Bharatiya Janata Party has arrived in Rajasthan. 41 candidates have also been announced, in which 6 MPs from Lok Sabha have been given tickets and one MP from Rajya Sabha has been fielded. Out of these 41 seats, only one seat, Vidyadhar Nagar, was won by the Bharatiya Janata Party in the 2018 elections. On Vidyadhar Nagar seat also, the party has canceled the ticket of the sitting MLA and fielded Rajsamand MP Diya Kumari. For the last few months, the party has been engaged in this exercise to ensure that new faces get a chance and the party sends the message that it is serious about returning to power. It's about the year 2018 In the year 2018, a slogan was raised loudly in Rajasthan that Modi Tujhse Bair Nahi, Vasundhara Teri Khair Nahi… So the party is trying to somehow give the message that Vasundhara Raje will not be the party leader this time. Going to give. Perhaps this is the reason why Prime Minister Narendra Modi is coming to Rajasthan again and again and giving his own guarantees and elections are also being fought in Rajasthan on his face. Still, there are many veteran leaders who are being considered in the race for the future Chief Minister, which means that if the Bharatiya Janata Party comes to power in Rajasthan this time, a new face will be given the leadership. BJP has been away from power twice - Vasundhara Raje is currently the National Vice President of Bharatiya Janata Party. She has been the Chief Minister of the state twice. His fan following is tremendous in Rajasthan. Bharatiya Janata Party has remained away from power twice under the leadership of Vasundhara, who comes from the former royal family. Both the years 2008 and 2018, the party had lost the elections when Vasundhara Raje was the Chief Minister. This time it seems that the party has moved away from the shadow of Vasundhara. In the first list of 41 candidates that has come, tickets of Vasundhara Raje's close people have also been cut. After the first list, protests are taking place at some places, but the party is taking this as a pleasant message, because the more the protest, the more the public's attraction towards the party will increase. This will send a message that the interest towards the party is increasing, hence there is a scramble for tickets. Could these be the faces of the Chief Minister? As far as the Chief Minister's face is concerned, the names of Jodhpur MP and Union Jal Shakti Minister Gajendra Singh Shekhawat, Union Railway Minister and Ashwini Vaishnav, who hails from Jodhpur, are being prominently considered in the race. When Diya Kumari was given ticket from Vidyadhar Nagar, her supporters also started running her name in the race for Chief Minister. Alwar MP Baba Balaknath has been given ticket from Tijara and his name is also running in the race for Chief Minister. Baba Balaknath comes from the same Nath sect from which Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath comes. The names of Union Law Minister Arjunram Meghwal, Leader of Opposition Rajendra Rathod and Deputy Leader of Opposition Satish Poonia are also in discussion in the race for Chief Minister. Who will be crowned the winner?At the same time, as there is a surprise factor in the Bharatiya Janata Party, no one is 100 percent sure as to who will take the lead if the party returns to power. Most of the information is assuming that just as Prime Minister Narendra Modi takes shocking decisions, it is also possible that the keys of power may be handed over to some unknown face coming from the background of Rashtriya Swayamsevak Sangh, like Narendra Modi was given power in Gujarat. Went. At present, everyone in Rajasthan is eagerly waiting for the second list of Bharatiya Janata Party. It is also being speculated that four-five more MPs may be fielded. It is also being said that the second list will also be as shocking as the first list. In a way, the Bharatiya Janata Party has taken some mileage from the Congress by announcing the names of the candidates first. While Congress is talking about releasing its first list during Navratri on October 18, Bharatiya Janata Party can also bring the second list in two-three days. the election is very interesting This time the election in Marudhara is going to be very interesting and thrilling, because the Bharatiya Janata Party is contesting the elections without a face and showing the face of Prime Minister Modi, whereas in the Congress Party, the face is Chief Minister Ashok Gehlot himself, but the party is somewhere It is indicating in gestures that the decision will be taken after the elections. A section of Congress also wants that Sachin Pilot's name should be put forward. The result of this election, which will be fought more on emotions than issues, will come on December 3 and a new government will be formed in the next one week. If BJP comes to power, then who will be crowned the Chief Minister and if Congress remains in power, will Ashok Gehlot remain the Chief Minister, this issue is being debated loudly in Rajasthan these days.

# Madhya Pradesh Election 2023: Kamal Nath vs Digvijay, political 'power of attorney' to abuse!

Everyone knows the mutual relations between these two veteran Congress leaders in Madhya Pradesh. But in this relationship, giving a power of attorney (power of attorney) to face abuses and announcing it publicly is a new thing. This style may be new in politics, but the reality is not new. Regarding the dispute over ticket distribution on an assembly seat in Madhya Pradesh Congress, State Congress President and party's CM contender Kamal Nath publicly told Congress MP and former Chief Minister Digvijay Singh that 'I have given you the power of attorney to abuse me. This power of attorney is valid even today. You take all the abuses. Whether it is my fault or not.' How are the mutual relations? Everyone knows how the mutual relations are between these two veteran Congress leaders in Madhya Pradesh. But in this relationship, giving a power of attorney (power of attorney) to face abuses and announcing it publicly is a new thing. Some people are considering it as a fake 'abuse angle' of the cordial relations between the two leaders, whereas in the eyes of some, it is a public confession through power of attorney of mutual discord. Although the tradition of daily exchange of abuses between politicians and political parties is not new in Indian politics. It is at its peak during elections. Many times these abuses are motivated by the malice of crossing even the limits of decency. A separate dictionary can be prepared for such abuses. It has now become a common belief that in politics, the more bad and inhuman words are used to curse or blame each other, the greater will be the pot of votes. In such a situation, the meaning of the word maryada itself gets transformed into indecency. At the same time, what Kamal Nath said in Bhopal is different in the sense that he has given the authority to one of his own contemporary leaders to digest the public abuses hurled at him. In the legal sense, a power of attorney is a legal document through which a person authorizes someone else to manage his property and take necessary decisions to do so. In the language of law, the recipient of such power of attorney is called an agent and the person giving this power is called the grantor. Now what Kamal Nath said means that if he also takes good decisions, his credit will be directly in his account and if he takes wrong or forced decisions, his discredit will be transferred to Digvijay Singh's account. The spat that took place between the two leaders - However, in the program organized on the occasion of releasing the letter of 1209 promises of the Congress Party in Bhopal, in the spat that took place between the two leaders, Digvijay opposed this unsolicited and unexpected power of attorney by saying that That 'Brother, whose signatures are there on A form and B form, PCC Chief. So whose clothes should be torn, tell me. One should also know who is committing the mistake. Now Shankarji's job is to drink poison, so he will drink it. That means, where am I in what happened? In such a situation, why should I have the power of attorney to abuse me? In the video that had gone viral before this, Kamal Nath was seen telling those opposing the ticket announced in Kolaras seat of the state that (Digvijay has distributed the ticket, hence) if you want to tear the clothes, then tear the clothes of Digvijay and his son Jaivardhan Singh. Here the question is also that why should someone else allow the abuses given to one person to be deposited in his current account. Then, what are the reasons behind the abuses that have been made? However, abuses given without reason may be returned or rejected. But it depends on the person to whom power of attorney has been given. Here Digvijay tried to return the unsolicited abuses by saying that I have no involvement in the reason why abuses are being transferred to me. That is, why is this borrowed vermillion on my forehead? In this context, Digvijay Singh also posted a social media post. He said that 'when the family grows, there is both collective happiness and collective conflict. Wisdom says that elders should find a solution patiently. In the manner of putting a cloth on this issue, Kamal Nath said - I said this jokingly and in love. No one should be angry over this.' Actually, there are different ways of expressing anger in politics. The rules of politics are not as clear and evidence based as those of science. But political expediency is the soul of politics. Generally, what is seen here is not what is seen and what happens is often seen in a different form. In the latest case, giving abusive power of attorney only means 'right to abuse'. As Digvijay Singh himself also said. It is a different matter that many times Digvijay himself stands in the dock due to his own controversial statements and then tries to get out of the dock in the manner of 'blowing every worry into smoke'. . The implication is that a politician must always be thick-skinned. Politics is not done by sentiments. Because the path of politics is full of flowers and thorns alike. Here, there is the virtue of being boisterous and self-absorbed in taking credit for everything, and there is also the shame of being sad and abusing when times come. In politics, one needs the ability to tear the clothes of one's opponents and also the ability to garner political sympathy for one's torn clothes. It is also true that today most of the big leaders in politics have a 'power of attorney' to tolerate abuses like this. They are declared to be given to someone or the other. Rather, it can be said that someone has to take this 'Power of Attorney'. Because many times, the moral responsibility of explaining and justifying the public statements of a top leader, no matter how illogical or foolish, usually falls on those spokespersons or supporting leaders and workers, who are in any party for that very reason. So that the top level spokesperson in the party can show the skill of logically interpreting what has been said or analyzing it out of context. This maneuvering is the desired quality of any political 'power of attorney'. The belief behind this is that whatever has been said once is absolutely correct and irrefutable. Even if you want to counter him, you will have to make headlines by making a very controversial and stupid statement.

## मतदाता जागरूकता अभियान नगर परिषद डभौरा में छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली



क्यूँ न लिखूँ
अखिलेश तिवारी

डभौरा रीवा- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर परिषद डभौरा मे 19 अक्टूबर को सुबह 9ः00 बजे सी एम राइज स्कूल डभौरा से सी एम ओ नगर परिषद ज्ञानेंद्र मिश्रा के अगुवाई में प्राचार्य हिम्मतलाल द्विवेदी नरोत्तम मिश्रा थाना प्रभारी महेंद्र सिंह सेक्सन प्रभारी नगर परिषद योगेंद्र सिंह रमेश यादव शारदा दत्त द्विवेदी सीएसी संताप मिश्रा आदि के निर्देशन में छात्र छात्राओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं समाज सेवियों सामाजिक कार्यकर्ता एवं मीडिया से , क्यों ना लिखो सच न्यूज़ से रिपोर्टर अखिलेश तिवारी, स्टार समाचार राकेश द्विवेदी पत्रिका न्यूज़ एजेंसी वरिष्ठ, पत्रकार गुलाब द्विवेदी इंडियन लाइव टीवीअशीष पाठक , उपस्थित है एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई ।

## दो बच्चों की माँ हुई एक मौलाना के साथ फरार,शौहर ने लगाई पुलिस कप्तान के यहां अपनी गुहार

क्यूँ न लिखूँ -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़।थाना अकराबाद क्षेत्र के अंतर्गत पिलखना में एक मौलाना दो बच्चों की मां को लेकर फरार हो गया है,आरोप है कि महिला को साथ ले जाने के बाद अब मौलाना महिला के पति को धमकियां दे रहा है, वहीं ये महिला अपने दोनों बच्चों को ससुराल में छोड़कर चली गई है,इधर पूरी घटना की शिकायत लेकर पीड़ित एसएसपी कार्यालय पहुंचा और एसएसपी से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।यहां पर जानकारी देते हुए पीड़ित व्यक्ति अख्तर ने बताया कि गांव में ही रहने वाला रिश्ते के भतीजे का उसके घर पर आना जाना था।पीड़ित ने बताया कि कुछ समय पूर्व ही उसे पता चला कि मौलाना और उसकी पत्नी के बीच आपसी प्रेम संबंध है।पीड़ित का कहना है कि अब ये मौलाना उसकी पत्नी को लेकर फरार हो गया है और उसकी पत्नी अपने दो छोटे बच्चों को घर पर ही छोड़कर चली गई है।वहीं पीड़ित का आरोप है कि अब मौलाना उसे धमकियाँ भी दे रहा है

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो से अधिक किसानों ने भाग लिया

क्यूँ न लिखूँ
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ आज माननीय मुख्यमंत्री जी के आगमन पर पूरे क्षेत्र की जनता ने दूर दरार से अन्य जिलों से आए किसानों ने स्वागत किया है माननीय मुख्यमंत्री जी अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन में आए हुए थे यह कार्यक्रम ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह के साथ सैकड़ो की तादात में किसानों ने मुख्यमंत्री जी की इस कार्यक्रम में भाग लिया उन्होंने कहा है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई दिनों से वह क्षेत्र में जनता से जनसंपर्क कर रहे थे आज भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है के मुख्यमंत्री जी के ओजस्वी भाषण सुनकर पूरे जिले की एवं वन्य जिलों से आई जनता गदगद हो गई मुख्यमंत्री जी के ओजस्वी भाषण ने पूरे जिले की जनता का दिल मोहलिया अनुसूचित जाति की जनता ने इस प्रोग्राम में यह दिखा दिया है कि वह बीजेपी के साथ है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह के साथ सैकड़ो से अधिक किसानों ने अनुसूचित जाति के मोर्चा के कार्यक्रम में भाग लिया उनके साथ महेश चंद्र बघेल महेंद्र सिंह बघेल सिद्धार्थ पंडित योगेश शर्मा दीपक सिंह किसान मोर्चा लाल बहादुर किसान मोर्चा सुखबीर सिंह देवेश कुमार सोनू कुमार मुरारी लाल कुलदीप बघेल वीरपाल सिंह भगवती प्रसाद आदि सैकड़ो कार्यकर्ता एवं किसानों ने भाग लिया

## हरदुआगंज में हत्या के आरोपी को भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ हरदुआगंज। थाना क्षेत्र के की रात की गई हत्या के मामले गांव जटपुरा में अवैध संबंध के चलते में पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा रामप्रकाश पुत्र लक्ष्मीनारायण की गला दबा कर हत्या कर दी थी। गांव के ही हत्यारोपी राहुल पुत्र चरन सिंह के खिलाफ मृतक के पिता लक्ष्मीनारायण ने हत्या करने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। राहुल के मृतक रामप्रकाश की भाभी के आरोपी राहुल से अवैध संबंध थे। मृतक इसका विरोध करता था । मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि हत्यारोपी राहुल बैरामगढ़ी बंबा पर कहीं जाने के फिराक में खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर हत्यारोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल पुत्र चरन सिंह निवासी गांव जटपुरा बताया।

# जिलाधिकारी की चेतावनी जनता को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, अस्पताल में मरीज का इलाज करें रिफर नहीं

### गर्भवती महिलाएं एवं नवजात बच्चों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की बैठक हुई संपन्न। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उपस्थित चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जमीनी स्तर पर नवजात बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण और उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य किया जाए तो स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार होगा। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से और बेहतर बनाए जाने के प्रयासों में निरंतरता बनाए रखें। मरीजों के इलाज के दौरान बाहर की दवाई कतई ना लिखें, इसके अतिरिक्त जनपद में टीकाकरण सहित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दृष्टिगत भी ग्रामीण क्षेत्र में एमओआईसी निश्चित रूप से क्षेत्र भ्रमण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जिला स्वास्थ्य समिति (शासीनिकाय) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि जनपद के प्रत्येक नागरिक सहित बच्चा एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहां की जमीनी स्तर पर यदि गर्भवती महिलाओं का समुचित टीकाकरण एवं बच्चों के टीकाकरण पर अधिक फोकस किया जाए तो स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने वीएचएसएनडी की समीक्षा करते हुए



एमओआईसी चिरगांव, बबीना एवं बामौर में किए गए कार्य पर असंतोष व्यक्त किया और नाराजगी जाहिर करते हुए हिदायत दी कि यदि स्टेट एवरेज से कम प्रगति पाई जाती है तो कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।जिला स्वास्थ्य समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संदर्भित केसों विशेष कर फर्स्ट रेफेरल यूनिट के संदर्भित केसों के करण सहित विवरण आगामी बैठक में रखे जाने के निर्देश दिए एवं जिला महिला चिकित्सालय में सिजेरियन ऑपरेशन (प्रसव) की कम संख्या पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए की कम से काम केस ही यथासंभव मेडिकल कॉलेज संदर्भित किए जाएं, पूर्ण सेवाएं जिला अस्पताल में ही देना सुनिश्चित किया जाए। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए जिला अस्पताल में जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत भुगतान कम होने पर भी असंतोष व्यक्त किया और तत्काल समस्त महिलाओं का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आरसीएच पोर्टल की समीक्षा की उन्होंने चिन्हित हाई रिस्क प्रेगनेंसी की संख्या पर अप्रसन्नता व्यक्त की, उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं की लिस्ट ब्लॉक स्तर पर तैयार करते हुए शत प्रतिशत सुरक्षित प्रसव कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षित प्रसव हेतु अधिक से अधिक एएनसी के अल्ट्रासाउंड करवाने के निर्देश दिए ताकि हाई रिस्क प्रेगनेंसी पहले ही चिन्हित कर मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। उन्होंने जनपद में हुई सभी मातृ मृत्यु की समीक्षा करते हुए एमओआईसी बड़ागांव, मऊरानीपुर और चिरगांव में हुई मातृ मृत्यु का संबंधित ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बच्चों के नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुए अनुमानित प्रगति न होने पर एमओआईसी गुरसराय, बबीना एवं चिरगांव को फटकार लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की और कार्य में सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों को लगाए जाने वाले टीकाकरण को संवेदनशील होकर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ समाज का निर्माण करेगा।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में ई-कवच की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को ई-कवच पर पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जनपद में अब तक करीब 19 लाख लोगों का पंजीकरण किया जा चुका है। उन्होंने इसे शत प्रतिशत करते हुए 15 लाख आभा आईडी बनाए जाने के निर्देश दिए। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम तथा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति और किए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ? सुधाकर पांडेय, सीएमएस जिला अस्पताल डॉक्टर पी के कटियार,सीएमएस मेडिकल कॉलेज डॉक्टर सचिन माहौर,एसीएमओ डा.एन के जैन, डॉ? रवि शंकर, डॉ राम बाबू,डॉ0 आरके सक्सेना,डा? रमाकांत सहित समस्त एमओआईसी व अन्य चिकित्सक, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों ने माता-पिता से लिया वचन पत्र, कहा- वोट डालने जरूर जाना

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर - 17 नवंबर को संपन्न होने जा रहे विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप प्लान के तहत कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं और वोटर्स को जागरूक कर मतदान करने कहा जा रहा है। जिले के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी ललित राम पटेल के निर्देशन तथा बीईओ पंडित भारद्वाज एवं एबीईईओ मनोज साहू के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के तहत शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली के समस्त बच्चों कक्षा 6वीं से कक्षा 8वीं तक के लगभग 250 माता-पिता, परिवार-रिश्तेदार के बुजुर्ग व अन्य मतदाता सदस्यों को वचन पत्र लिखकर अनिवार्य रूप से मतदान करने अनुरोध किया गया। पत्र के माध्यम से वचन लिया कि मै विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 प्रेमनगर में 17 नवंबर को विधानसभा निर्वाचन के लिए स्वयं उपस्थित होकर मतदान अवश्य करूँगा। शिक्षक ने छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व को समझाया गया। बच्चों ने अपने माता-पिता व परिजनों से वचन पत्र




लिखवाया। शिक्षक योगेश कुमार साहू ने बताया कि पत्रों को छात्र-छात्राएं अपने साथ घर पर लेकर गए है। इन पत्रों पर अपने पालकों से सहमति स्वरूप हस्ताक्षर कराकर 19 अक्टूबर को विद्यालय में वापस लौटाए। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन 17 नवंबर को छात्र-छात्राएं अपने पालकों को मतदान के लिए मतदान केंद्र तक लेकर आएंगे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक बी.आर. हितकर, महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, योगेश साहू, कृष्ण कुमार यादव, रघुराज जायसवाल, सरिता सिंह एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में टहाप्यारी एवं समूहा स्कूल के बच्चों का दबदबा कायम



क्यूँ न लिखूँ

रिठौरा।न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन वृहस्पतिवार को न्याय पंचायत रतना में हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज राम एवं लक्ष्मी शुक्ला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर खेलों का शुभारंभ किया। प्राथमिक और जूनियर वर्ग के बालक बालिकाओं में टहाप्यारी एवं समूहा के बालक -बालिकाओं ने दौड़,कूद, खो-खो कबड्डी,चक्का फेंक आदि प्रतियोगिताओं में अपना दबदबा कायम रखा। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री राम ने बच्चों को खेल की परिभाषा से लेकर भविष्य के सुनहरे अवसरों एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए अत्याधिक महत्वपूर्ण बताते हुए।

